श्रीमती रेमती बनाम मदनलाल वगैरह

यह पत्रावली अभिभाषक श्री संदीप शर्मा के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर तलब की गई। अभिभाषक अपीलांट ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर कथन किया है कि अपीलांट श्रीमती रेमती की ओर से वकालनामा पेश कर दिया हैं एवं अपीलांट श्रीमती रेमती अपील को आगे नही चलाना चाहती हैं और अपील का निस्तारण करवाना चाहती है। इसलिए अपील का आज ही निस्तारण(अपील विड्रो की जावें) किया जावें।

अभिभाषक अपीलांट की बहस पर मनन किया गया एवं प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन अपीलांट श्रीमती रेमती अपील को से अभिभाषक श्री संदीप शर्मा ने बताया कि अपीलांट अपील को आगे नहीं चलाना चाहती हैं इसलिए अपील को विड्रो किये जाकर खारिज फरमायी जावें।

अतः अपील अपीलांट विड्रो किये जाने से खारिज की जाती हैं। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हों।